>

Title: Need to take adequate steps for proper maintenance, care and beautification of Tanginath Shiva Temple in Gumla district of Jharkhand.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गुमला जिला मुख्यालय से लगभग 75 किलोमीटर की दूरी पर ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक बाबा टांगीनाथ का भव्य परिसर है। जिसमें भगवान शिव की ऐतिहासिक एवं दुर्लभ मूर्तियों के साथ साथ यहां एक अति प्राचीन एवं विशाल त्रिशूल भी मौजूद है। पर्यटन एवं आस्था के दृष्टिकोण से यह मंदिर काफी महत्वपूर्ण है। लेकिन उचित सुरक्षा एवं रख-रखाव के अभाव के कारण यहां रखी गई मूर्तियां आज खुले आसमान के नीचे रखी हैं, जिससे क्षेत्र और प्रदेश की जनता के विश्वास पर चोट पहुंचती है। बाबा टांगी नाथ के इस मंदिर का पौराणिक महत्व है और यहां स्थापित मूर्तियां जनजातियों की कला का एक उत्कृष्ट नमूना है। यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन उचित रख-रखाव, सुरक्षा एवं उचित सुविधाएं न होने के कारण मंदिर की लगातार उपेक्षा हो रही है। वर्षों पूर्व पुरातत्व विभाग के द्वारा डुमरी की बेल पहाड़ी पर खुदाई के दौरान मिली यह प्राक ऐतिहासिक काल की मूर्तियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। यहां वर्ष भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है, खासक कर शिवरात्रि के दिनों में।

मेरा आपके माध्यम से पर्यटन मंत्री जी से आग्रह है कि इस मंदिर की भव्यता एवं श्रद्धालुओं की आस्था एवं संख्या को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में सुरक्षा एवं सौन्दर्यीकरण की दिशा में उचित निर्देश देने की कृपा करें, जिससे कि क्षेत्र की जनता सहित देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके तथा पर्यटन की दृष्टि से भी इस मंदिर का विकास हो सके।